**सिटी ब्रीफ**

### खानकाहे नियाजिया में मनाया अजीज मियां का उर्स

**बरेली, अमृत विचार :** खानकाहे आलिया नियाजिया में शाह मुहम्मद तकी उर्फ अजीज मियां का उर्स शानो-शौकत के साथ मनाया गया। अकीदतमंदों ने दरगाह पर हाजिरी देकर चादरपोशी की। फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी की महफिल सजी। दोपहर को कुल की रस्म अदा की गई। सज्जादानशीन शाह मुहम्मद मेंहदी मियां नियाजी ने मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ की। सोमवार की शाम को कव्वाली की महफिल सजी, जिसमें कव्वालों ने हजरत की शान में कलाम पेश किए।

### बरेली कॉलेज में एआई फॉर ऑल अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज ने एआई फॉर ऑल ऑनलाइन अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कॉलेज के सभी विभाग प्रभारी, डीएसडब्ल्यू, चीफ प्रॉक्टर, एनसीसी अधिकारी और छात्र-छात्राओं को सूचना जारी करते हुए एआई फॉर ऑल में अपनी भागीदारी करने के लिए कहा हैं। एआई फॉर ऑल और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता और भागीदारी बढ़ाने के लिए कहते हुए इसमें अधिक से अधिक सुनिश्चित करने को कहा हैं।

**शहर में आज**

- गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर मुख्य दीवान दुख निवारण गुरुद्वारा संजय नगर में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 दोपहर 1:30 बजे।
- नगर निगम में संभव जनसुनवाई सुबह 10 बजे से 2 बजे तक
- बाबा श्री नीलकंण्ड मंदिर राजेन्द्र नगर में श्री शिव महापुराण कथा से पूर्व कलश यात्रा शाम 4 बजे

**नाथ नगरी में धर्म ध्वजा**



सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के पवित्र अवशेषों के दर्शन का शहर में लोगों को सौभाग्य मिला तो हर तरफ आध्यात्मिकता के रंग फूटते नजर आए। आर्ट ऑफ लिविंग परिवार ने प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना में भाग लिया। बड़ी संख्या में श्रृद्धालु इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने, श्रृद्धा एवं आस्था के ज्वार को देखकर ऐसा लगा जैसे समय के शिलालेख पर धर्म-संस्कृति की अमिट गाथा लिखी जा रही हो...। अमृत विचार

# डिजिटल डिटॉक्स से दूर होगा अवसाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विश्व स्वास्थ्य दिवस आज, डॉक्टरों ने बताया डिटॉक्स से नींद में होगा सुधार**
- **स्मार्ट फोन, सोशल मीडिया, कंप्यूटर से बनाएं अस्थाई दूरी**
- **सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से होती है नकारात्मकता**

**अमृत विचारः** भागदौड़ भरी जिंदगी में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और कंप्यूटर का बढ़ता उपयोग अब लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने लगा है। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर चिकित्सकों ने ''डिजिटल डिटॉक्स'' को अपनाने की सलाह दी है, जिससे चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं में कमी लाई जा सकती है।

डॉक्टरों का कहना है कि लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से दिमाग पर दबाव बढ़ता है, जिससे अनिद्रा, तनाव और चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं सामने आती हैं। ऐसे में कुछ समय के लिए डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाना बेहद जरूरी हो गया है। डिजिटल डिटॉक्स का मतलब पूरी तरह तकनीक से दूर होना नहीं, बल्कि सीमित और संतुलित उपयोग करना है। दिन में कुछ घंटे मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर व्यक्ति खुद के लिए समय निकाल सकता है। इससे मानसिक शांति मिलती है और नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है।

मनो चिकित्सक डॉ आशीष का कहना है कि रात में सोने से कम से कम एक घंटा पहले मोबाइल या लैपटॉप का उपयोग बंद कर देना चाहिए। इससे दिमाग को आराम मिलता है और नींद जल्दी आती है। इसके अलावा परिवार के साथ समय बिताना, किताब पढ़ना, योग और ध्यान जैसी आदतें अपनाना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है। डिजिटल डिटॉक्स से व्यक्ति की एकाग्रता बढ़ती है और वह वास्तविक जीवन के संबंधों को बेहतर तरीके से समझ पाता है। सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से तुलना और नकारात्मक सोच बढ़ती है, जिससे अवसाद का खतरा भी बढ़ जाता है।

> आज के समय में लोगों का स्क्रीन टाइम बहुत बढ़ गया है। लोग 10 घंटे से भी अधिक मोबाइल और सोशल मीडिया पर रहने लगे हैं। इससे तनाव, चिंता, अवसाद के साथ हीनभावना जैसी बीमारियां भी बढ़ रही हैं। डिजिटल डिटॉक्स से मन शांत रहता है। **- डॉ आशीष सिंह,** प्रभारी मन कक्ष, जिला अस्पताल

# निगम बनाएगा आवासीय कॉम्लेक्स

## 10 करोड़ की लागत से पुराने जर्जर आवासों की जगह बनेगी भव्य आवासीय इमारत

- **सीएनडीएस और नगर निगम की टीम की ओर से तैयार किया फाइनल ब्लूप्रिंट शासन को भेजा**

कार्यालय संवाददाता, बरेली




**अमृत विचारः** शहर के पॉश इलाके रामपुर गार्डन में नगर निगम अपने कर्मचारियों के लिए एक भव्य और आधुनिक आवासीय कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराएगा।

करीब 10 करोड़ की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सीएनडीएस) और नगर निगम की तकनीकी टीम ने विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार कर लिया है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर नगर निगम बोर्ड ने पिछले साल ही अपनी मुहर लगा दी थी, लेकिन तकनीकी बारीकियों और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इसकी कार्ययोजना में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। संशोधित प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए पुनः शासन को भेजा गया है। इस प्रोजेक्ट की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी भू-उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया है। रामपुर गार्डन जैसे प्रीमियम क्षेत्र में आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों के संतुलन को देखते हुए निगम इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। योजना के अनुसार, पुराने और जर्जर हो चुके आवासों की जगह बहुमंजिला इमारत खड़ी की जाएगी। सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए इस कॉम्प्लेक्स में अत्याधुनिक लिफ्ट, फायर फाइटिंग सिस्टम, 24 घंटे सुरक्षा और पर्याप्त पार्किंग का प्रावधान किया गया है। कॉम्प्लेक्स के भूतल को पूरी तरह से कॉमर्शियल फ्लोर के रूप में विकसित किया जाएगा, इसमें आधुनिक दुकानें और शोरूम बनाए जाएंगे। इससे न केवल नगर निगम की आय में वृद्धि होगी, बल्कि कर्मचारियों को एक ही छत के नीचे आवासीय और बाजार की सुविधाएं भी मिल सकेंगी।

### लग्जरी सुविधाओं से लैस होगा कॉम्पलेक्स

नगर निगम का यह नया प्रोजेक्ट सुविधाओं का स्मार्ट हब होगा। कर्मचारियों के लिए प्रस्तावित इस परिसर में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट का पालन किया जा रहा है, जिससे बिजली की खपत कम होगी। बच्चों के लिए छोटा पार्क, बुजुर्गों के लिए वॉकिंग ट्रैक और रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की भी योजना है। साथ ही, भूतल पर बनने वाली दुकानों को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि ग्राहकों के लिए अलग एंट्री और एग्जिट हो, ताकि आवासीय ब्लॉक की निजता और सुरक्षा प्रभावित न हो।

> रामपुर गार्डन में आवासीय कॉम्प्लेक्स का निर्माण हमारे 'मॉडल सिटी' विजन का हिस्सा है। पिछले साल की कार्ययोजना में भू-उपयोग परिवर्तन और आधुनिक तकनीकी मानकों को जोड़कर संशोधित डीपीआर शासन को भेजी गई है। वित्तीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। **-संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

## होम डिलीवरी न करने पर गैस एजेंसी को नोटिस

**बरेली, अमृत विचारः** गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी में लापरवाही पर जिला पूर्ति अधिकारी ने गणेश नगर स्थित शकुंतला इंडियन गैस एजेंसी को नोटिस जारी किया है।

डीएसओ मनीष कुमार ने सोमवार को जिले की तीन गैस एजेंसियों राज गैस एजेंसी (श्यामगंज), सनी इंडियन गैस एजेंसी (प्रेमनगर) और शकुंतला इंडियन गैस (गणेश नगर) का निरीक्षण किया। राज गैस एजेंसी पर तीन दिन का बैकलॉग पाया गया, हालांकि वहां दिनांक वार होम डिलीवरी कराई जा रही थी। सनी इंडियन गैस एजेंसी पर एक दिन का बैकलॉग मिला। शकुंतला इंडियन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर पहुंचाने के बजाय एक स्थान पर बुलाकर वितरण किया जा रहा था। इस पर एजेंसी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

# लाल निशान मिटाने वालों के घर पहले चलेगा बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर निगम ने सीएम ग्रिड योजना में चिन्हित अतिक्रमण को लेकर जारी किया अल्टीमेटम**
- **कोहाड़ापीर से कुदेशिया मार्ग और धर्मकांटे से कोहाड़ापीर तक चलेगा विशेष अभियान**

**अमृत विचारः** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम आर-पार के मूड में है। सीएम ग्रिड योजना के दूसरे चरण के तहत कोहाड़ापीर से कुदेशिया मार्ग और धर्मकांटे से कोहाड़ापीर तक 50 से 55 अवैध कब्जों को चिन्हित किया गया है।

निगम को सूचना मिली है कि कई रसूखदारों ने कार्रवाई से बचने के लिए अपने भवनों पर लगाए गए लाल निशान मिटा दिए हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य और एक्सईएन राजीव कुमार राठी ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया है कि जिन लोगों ने निशानों से छेड़छाड़ की है, सबसे पहले उन्हीं के अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा। नगर निगम ने इस विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस बल से सहयोग मांगा है, ताकि कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति न बिगड़े। नगर आयुक्त का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़कों को चौड़ा करना है, जिससे शहरवासियों को लंबे समय से सता रही जाम की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। नगर आयुक्त ने दो टूक कहा है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने या निशानों को मिटाने वालों के खिलाफ सख्ती की जाएगी। इस सक्रियता से उम्मीद है कि कोहाड़ापीर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था जल्द ही सुगम और व्यवस्थित नजर आएगी।

# ग्राम्य विकास में बरेली जिला 10वें पायदान पर

कार्यालय संवाददाता

- **टॉप टेन में बरेली के साथ ही मंडल का जिला पीलीभीत भी शामिल**

**अमृत विचार :** 15वें वित्त आयोग से मिले बजट को खर्च करने में बरेली जिला प्रदेश में 10वें स्थान पर रहा। वहीं, महाराजगंज प्रदेश में नंबर वन रहा। इसी के साथ टॉप टेन में बरेली के साथ ही मंडल का जिला पीलीभीत भी शामिल रहा।

प्रदेश में सबसे अधिक 99.35 प्रतिशत बजट महाराजगंज ने खर्च किया। वहीं पीलीभीत पांचवें और बरेली 10वें स्थान पर रहा। दूसरे स्थान पर फर्रुखाबाद रहा जहां 99.10 प्रतिशत बजट व्यय हुआ। बरेली को 15वें वित्त आयोग से करीब 89.16 करोड़ रुपये मिले थे। इसमें साल भर में 87.98 करोड़ रुपये खर्च किया गया जो करीब 98.68 प्रतिशत है। वहीं पीलीभीत को 57.65 करोड़ रुपये मिले थे, जिसमें 57 करोड़ रुपये खर्च हुए जो करीब 98.87 है। रामपुर ने 99.09 प्रतिशत बजट खत्म किया।

### जिले में 99.57 फीसदी खर्च हुआ 5वें राज्य वित्त आयोग का बजट

गांवों में 5वें राज्य वित्त आयोग का बजट भी 99 प्रतिशत से अधिक खर्च हुआ। वित्तीय वर्ष पूरा होने के बाद जारी समीक्षा रिपोर्ट में जिला प्रदेश में 11वें नंबर पर है। जिले में 99 .57 प्रतिशत बजट व्यय किया गया। जिले को 155 करोड़ से अधिक बजट मिला था और करीब 154 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च हुए।

> ग्रामों के विकास के लिए 15वें वित्त आयोग और 5वें राज्य वित्त आयोग से जो बजट मिला, उसका समुचित उपयोग किया गया। गांव में मूलभूत सुविधाओं को निरंतर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। **- कमल किशोर,** डीपीआरओ

## 'विज्ञान के साथ खड़े हों' थीम पर एचपीवी टीकाकरण पर जोर

**बरेली, अमृत विचारः** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिलेभर में 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट हों और विज्ञान के साथ खड़े हों' थीम के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

विद्यालयों में जागरुकता बढ़ाने के लिए निबंध, पोस्टर, वाद-विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि विज्ञान और सामूहिक प्रयासों के जरिए ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं संभव हैं। टीकाकरण, टीबी नियंत्रण और अन्य बीमारियों की रोकथाम में विज्ञान ने हमेशा सुरक्षित और प्रभावी समाधान दिए हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी सीएचसी और कोल्ड चेन प्वाइंट्स पर एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा।

# शपथ ग्रहणः नगर निगम में बढ़ गई भगवा पॉवर

- **10 नामित सभासदों ने शपथ ग्रहण की, भाजपा के पास पहले से थी 51 पार्षदों की ताकत**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित सांसद छत्रपाल गंगवार, वनमंत्री डा. अरुण कुमार, महापौर उमेश गौतम व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सरकार से 10 पार्षद मनोनीत होने के बाद नगर निगम में भाजपा की ताकत बहुत बढ़ गई है। 10 चेहरे और 20 हाथ का शोर के साथ सोमवार को भव्य समारोह में नए पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही निगम में सत्तारूढ़ दल की सदस्य संख्या 51 से बढ़कर 61 जा पहुंची है। समारोह में मेयर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि नए साथी ''दसों दिशाओं'' में भाजपा की शक्ति बनकर काम करेंगे और स्मार्ट शहर के विकास-विस्तार में अपना योगदान देंगे।

बरेली नगर निगम बोर्ड का दायरा वैसे तो 80 पार्षदों का है, लेकिन तीन पार्षद अरेंद्र अरोरा कुक्की, संजू देवी और संजय राय के स्वर्गवास के चलते सदस्य संख्या 77 रह गई थी। नगर निगम बोर्ड में भाजपा के 54 पार्षद थे, लेकिन असमय निधन के चलते संख्या 51 रह गई थी। 10 नए नामित पार्षदों के शामिल होने से अब भाजपा पार्षदों की संख्या बढ़कर 61 हो गई है। सदन में बाकी पार्षद सपा, कांग्रेस और निर्दलीय हैं।

शपथ ग्रहण समारोह में मेयर डॉ. गौतम ने विपक्ष पर जमकर निशाना भी साधा। बोले, बरेली के बदला स्वरूप का श्रेय भाजपा की नीतियों को जाता है। विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। हर वार्ड में सवा करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। शहर का कायाकल्प हो रहा है। विकास की कड़ी में उन्होंने सिटी स्टेशन रोड के निर्माण और बाकरगंज से कूड़े के ढेर के खात्मे को बड़ी उपलब्धि बताया। घोषणा की कि दिवाली तक बरेली का अर्बन हाट देश के मानचित्र पर सबसे सुंदर बनकर उभरेगा। इस अवसर पर सांसद छत्रपाल गंगवार, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य सहित कई अफसर व नेता मौजूद रहे।

**हम शपथ लेते हैं...**

समारोहपूर्वक शपथ लेने वाले पार्षदों में कमला कश्यप इकलौती महिला रहीं। ज्ञान प्रकाश लोधी, गौरव सक्सेना, रामबहादुर मौर्य, सुमित सैनी, हरीश बाबू वाल्मीकि, वीरेंद्र, हरिओम गौतम, अशोक चौहान और राजीव कुमार गुप्ता ने भी पद एवं गोनीयता की शपथ लेते हुए शहर के विकास के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।

## आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती के लिए सत्यापन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। विभिन्न तहसीलों में अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। इस भर्ती के तहत करीब 700 पदों के लिए लगभग पांच हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं।

विभागीय जानकारी के अनुसार, अभ्यर्थियों के शैक्षिक प्रमाण पत्र, निवास और अन्य जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया तेजी से चल रही है और इसे जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सत्यापन पूरा होते ही चयन की अगली प्रक्रिया को भी शीघ्र आगे बढ़ाया जाएगा। इस भर्ती से जिले में महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**विकास को रफ्तार** | **126 हेक्टेयर जमीन पर दूसरे राज्यों के निवेशक भी लगा सकेंगे उद्योग, केंद्र से मिलेगी सब्सिडी**

# इंडस्ट्रियल टाउनशिप का रास्ता साफ, बीडीए ने खेला बड़ा दांव

- **किसानों की सहमति पर चार गुना मुआवजे की तैयारी, 750 से दस हजार वर्गमीटर तक मिलेंगे भूखंड**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बीडीए कार्यालय। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बरेली के औद्योगिक परिदृश्य को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए बीडीए ने एक बड़ा दांव खेला है। रहपुरा जागीर सहित चार गांवों में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल टाउनशिप को धरातल पर उतारने के लिए बीडीए ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसई) विभाग के साथ हाथ मिलाया है। प्राधिकरण का दावा है कि इससे यह महत्वाकांक्षी परियोजना न केवल रफ्तार पकड़ेगी, बल्कि उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ और रियायती दरों पर भूखंड भी उपलब्ध हो सकेंगे।

इस अनुबंध का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि बीडीए को सरकारी भूमि क्रय करने के लिए अतिरिक्त कोष खर्च नहीं करना पड़ेगा, साथ ही केंद्र सरकार की विशेष योजना के तहत प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये की भारी-भरकम सब्सिडी का मार्ग भी प्रशस्त हो गया है। टाउनशिप के विकास के लिए बीडीए करीब 126.30 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण करने जा रहा है, जिसके लिए भिटौरा नौगवां, चिटौली, रहपुरा जागीर और रसूला चौधरी के लगभग 600 किसान रजामंदी दे चुके हैं। किसानों को वर्तमान सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देकर भूमि क्रय करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकंडन ए. के अनुसार, परियोजना को लेकर उद्यमियों में जबरदस्त उत्साह है, पिछले वर्ष के डिमांड सर्वे में ही 760 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसमें 750 से लेकर दस हजार वर्गमीटर तक के विभिन्न आकार के भूखंड सृजित किए जाएंगे, ताकि छोटे उद्यमियों से लेकर बड़े औद्योगिक घरानों तक की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

### ग्लोबल इन्वेस्टर हब के रूप में उभरेगी 'इंडस्ट्रियल टाउनशिप'

बरेली की यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थानीय उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे एक ग्लोबल इन्वेस्टर हब के रूप में तैयार किया जा रहा है। बीडीए ने यहां ''प्लग एंड प्ले'' सुविधाओं के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों और दूसरे राज्यों के बड़े औद्योगिक घरानों के लिए रेड कारपेट बिछाने की तैयारी की है। वेयरहाउसिंग और भव्य ट्रांसपोर्ट नगर के साथ-साथ यहां फाइव-स्टार होटल, बिजनेस लाउंज और अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर विकसित किए जाएंगे। दावा किया जा रहा है कि बुनियादी सुविधाओं का यह विश्वस्तरीय ढांचा बरेली को देश के प्रमुख औद्योगिक मानचित्र पर स्थापित करेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर कुशल रोजगार पैदा होंगे।

# गर्मी के प्रभाव : जिला अस्पताल में उमड़े चर्म रोग- बुखार व जोड़ दर्द के मरीज

- **ओपीडी 2500 के हुई पार, 730 पुराने और 1800 लोगों ने नया कराया पंजीकरण**
- **गर्मी बढ़ने के साथ ही विभिन्न रोग लोगों को घेर रहे, डॉक्टर कर रहे सावधानी की अपील**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



जिला अस्पताल में दवा काउंटर पर बड़ी संख्या में मरीज। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** तापमान में बदलाव के साथ ही मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में सोमवार को ओपीडी 2500 के पार पहुंच गई, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ गया। वहीं पर्चा ओपीडी बंद होने के बाद दवा काउंटर पर ढाई बजे तक मरीजों की लाइन लगी रही।

एडीएसआईसी रमेश चंद्र दीक्षित ने बताया कि सोमवार को 2500 से अधिक मरीजों ने उपचार कराया, जिनमें करीब 730 पुराने मरीज शामिल रहे, जबकि 1800 के लगभग नए मरीजों का पंजीकरण किया गया। उनके मुताबिक इन दिनों चर्म रोग, वायरल संक्रमण और जोड़ों के दर्द के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। गर्मी बढ़ने के साथ त्वचा संबंधी समस्याएं जैसे खुजली, एलर्जी और रैशेज बढ़ रहे हैं। वहीं वायरल बुखार और सर्दी-जुकाम के मामले भी सामने आ रहे हैं। इसके अलावा जोड़ों के दर्द से पीड़ित मरीज भी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई का ध्यान रखें, अधिक से अधिक पानी पिएं और धूप में निकलने से बचें।

# जेल में दोस्ती बाहर जुर्म, मौत के बाद सामने आए किडनैपर्स के कर्म

## मनमोहन-सिकंदर ने बनाया था अपहरण का प्लान,प्रिंस-विशेष पैसों के लिए हुए थे साजिश में शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बड़ा बाईपास पर भीषण हादसे में मारे गए अपराधी मनमोहन व सिकंदर की दोस्ती बरेली जेल में हुई थी। गुनाह का रिश्ता बना और बाहर आकर बड़ा कांड कर डाला। जैसा मनमोहन था, वैसा उसका पिता नत्थू सिंह था। सबने मिलकर गुरुग्राम के ऑटो ड्राइवर मनोज व उसके फूल से दो बच्चों अपहरण का ताना-बाना बुना था। रामपुर से दो अपराधी विशेष और प्रिंस यादव भाड़े पर साथ किए थे।प्लानिंग मनोज की हत्या कर बच्चों को छोड़े जाने के बदले फिरौती वसूलने की थी, मगर कुदरत ने बुरे का बुरा कर दिया। रोड एक्सीडेंट में 3 किडनैपर मारे गए। एक अस्पताल में मौत से लड़ रहा है और बाकी बचे एक से पुलिस बाकी के राज खुलवाने में लगी है।

पुलिस क अनुसार, हादसे में मारे गए मनमोहन, सिकंदर और विशेष यादव पेशेवर अपराधी थे। सिकंदर पीलीभीत जिला बदर अपराधी था। मनमोहन और पिता नत्थू सिंह हत्या के मामले में जेल काट चुके थे। 2022 में मुकदमा हुआ था। सिकंदर के खिलाफ शाही थाने में आर्म्स एक्ट, पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी में गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत तीन मुकदमे दर्ज हैं। विशेष पर रामपुर के सिविल लाइंस थाने में दो मुकदमे लिखे गए थे। प्रिंस यादव के खिलाफ पीलीभीत थाने में केस मिले हैं। घायल प्रिंस से पुलिस ने पूछताछ की तो पूरी टोली का गुनाहों से परदा उठ गया। पुलिस ने इसके बाद तेजी से कार्रवाई करते हुए मनमोहन के पिता नत्थू सिंह को गिरफ्तार उसके घर में कैद ऑटो ड्राइवर मनोज को मुक्त करा लिया। शातिर नत्थू भी पुलिस के सवालों के आगे ज्यादा नहीं टिक सका और तोते की तरह पूरा गुनाहनामा सामने रख दिया। प्रिंस को पुलिस ने हिरासत में लिया है।


मृतक मनमोहन।


हादसे के बाद शहर के निजी अस्पताल में भर्ती आरोपी प्रिंस यादव ● अमृत विचार

### मासूम बच्चों को तो डिग्गी में पटका, पिता पर ताना तमंचा

गुरुग्राम से अपहरण के बाद अपराधियों ने मनोज कार में बीच की सीट पर बिठाया था और तमंचा तानकर मुंह बंद रखने की धमकी दी थी। उसके दोनों बेटों को डिग्गी में डाल दिया गया था। जैसे ही कोई टोल आता तो मनोज को गोली मारने की धमकी देकर शीशे बंद कर देते थे। वैसे सवाल ये भी है कि गुरुग्राम बरेली तक दर्जनों थाने और चौकी-चैक पोस्ट हैं, लेकिन कहीं भी पुलिस ने कार को संदिग्ध मानकर चैक नहीं किया।


अस्पताल में बच्चों के साथ मनोज व पत्नी पूजा। ● अमृत विचार

### हादसे के कारण सामने लाएगी संयुक्त जांच टीम

**बरेली, अमृत विचार :** बड़ा बाईपास पर रविवार को हुए भीषण हादसे की जांच के लिए डीएम अविनाश सिंह ने संयुक्त टीम गठित कर दी है। एडीएम सिटी सौरभ दुवे की अध्यक्षता में बनी ज्वाइंट कमेटी में पुलिस, आरटीओ के साथ एनएचएआई के प्रतिनिधि अफसर भी शामिल किए गए हैं। यह टीम सात दिन में रिपोर्ट प्रशासनप को सौंपेगी। डीएम ने स्पष्ट कहा है कि किसी विभाग की लापरवाही मिी तो संबंधित के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि बरेली-दिल्ली हाइवे पर हादसा ओवरटेकिंग और तेज रफ्तार की वजह से हुआ। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि टैंकर पटरी किनारे खड़ा था। कार की स्पीड तीव्र थी और चालक नियंत्रण खो बैठा। प्रत्यक्षदर्शियों ने भी अफसरों स्पीड ज्यादा होने से हादसे की जानकारी दी है। जांच कमेटी से एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।ह्रांध हादसे के कारणों के बारे में जानकारी के साथ टीम यह बताएगी कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए किस तरह के प्रबंध किए जाने चाहिए। नेशनल एवं स्टेट हाईवे या मुख्य सड़कों की पटरी किनारे कोई खराब वाहन खड़ा न किया जाए, इसको लेकर सम्बंधित अफसरों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।



### सिकंदर-विशेष के परिजनों ने साधी चुप्पी

हादसे में मारे गए आरोपी सिकंदर के पिता दुर्गेश कुमार अपने परिवार और अन्य रिश्तेदारों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे। जहां उन्होने सिकंदर के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। इसके अलावा रामपुर से आए विशेष यादव के परिजनों ने भी घटना पर किसी तरह से बोलने से इंकार कर दिया। उन्होंने पूरा दिन मीडिया से दूरी बनाई रखी। पोस्टमार्टम होने के बाद वह शव लेकर रवाना हो गए।

**साहबजाद-मुमताज सुपुर्द ए खाक :** सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली गांव के पास हाइवे में बच्चों और उनके पिता का अपहरण करने वाले आरोपियों की कार सड़क किनारे खड़े ट्रैंकर में टकरा गई थी। जिसमें तीन आरोपियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा पीछे से बाइक से आ रहे अटाकायस्थान थाना सीबीगंज के रहने वाले बाइक सवार साहबजाद खान और मुमताज भी हादसे का शिकार हो गए थे। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी। रात में उनके परिवार वाले भी हादसे की जानकारी होने पर पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए थे। उसके बाद सोमवार की सुबह को दोनों का पोस्टमार्टम होने के बाद दोपहर के बाद गमगीन माहौल में उन्हे गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

## बेबस पूजा को आतंकित करते रहे अपराधी

**बरेली, अमृत विचार :** पति और दो मासूम बेटों के अपहरण से गुरुग्राम में रह रही पूजा बहुत परेशान थी। उसने पुलिस में केस दर्ज करा रखा था मगर कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। पुलिस के जरिए अचानक बरेली में बच्चों के घायल होने और पति के बरामद होने की सूचना मिलती तो वह एनसीआर से बरेली दौड़ी चली आई। अस्पताल में बच्चों को देखा तो कलेज से भीच लिया।

कभी पति से लिपटकर रोती तो कभी बच्चों के सिर पर हाथ फेरते हुए आंसू बहाती। पुलिस का कहना है कि मनोज-पूजा के दोनों बेटों की हालत में सुधार है। हरियाणा पुलिस भी बरेली पहुंचकर कार्रवाई में जुट गई है। पूजा ने पुलिस को बताया कि गायब होने के बाद उसने पति के नंबर पर लगातार कॉल की थीं, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। काफी देर बाद कॉल आई। अपहरण करने वालों पहले खुद को पुलिस बताकर धमकाया। कहा कि मनोज गलत साइड गाड़ी चला रहा था, इसलिए हिरासत में लिया है। फिर कॉल काट दी गई। दोबारा कॉल करने पर कहा कि उससे कहा गया कि पुलिस को कुछ भी बताया तो पति-बच्चे सबको मार देंगे। पति व बेटों से बात उसकी बात भी कराई। वह रोती रही मगर पति से फिर बात नहीं करने दी।

### कार हादसे ने बचा ली फरीदपुर क्षेत्र में बंधक मनोज की जान

पुलिस की जांच में यह बात साफ हो गई है कि अपराधी ग्रुप का इरादा अपहरण के बाद ऑटो चालक मनोज की हत्या और उसके दो बेटों की रिहाई के बदले फिरौती वसूलने का था। मनमोहन का पिता नत्थूलाल मनोज की करीबी सम्बंधी युवती के साथ रिलेशनशिप में था। मनमोहन ने मनोज की नाबालिग भांजी को प्यार के जाल में फंसा लिया था और शादी करने वाला था। बिरादरी अलग होने की वजह से मनोज रिश्ते के खिलाफ था। मनोज ने अपनी भांजी को गोद लेकर बेटी की तरह पाला था। मनमोहन का चाल-चलन खराब होने से वह परेशान था। उसे राह का कांटा मनाकर मनमोहन ने साथियों के साथ उसकी हत्या की साजिश रची थी मगर हादसे ने पूरा खेल पलट दिया और मनोज की जान बच गई। उसके बच्चे भी घायल होकर पुलिस के हाथ लग गए।

### ऑटो में सवारी बनकर बैठे, रेकी के बाद अपहरण की वारदात

**बरेली।** नाबालिग भांजी से शादी में मनोज बाधा बना रहा था, इसलिए मनोज ने उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। अपहरण से पहले चार दिन उसकी रेकी कराई थी। कई दिन सवारी बनकर मनोज के ऑटो में सफर किया। शनिवार को मनोज और और उसके दो बच्चों का अपहरण कर बरेली लाया गया था। मनोज-पूजा भी मनमोहन के गांव टांडा सिकंदरपुर के रहने वाले हैं। जेल से छूटने के बाद मनमोहन व उसका पिता नत्थू हरियाणा में रहने पहुंचे थे। वहां मनोज ने ही मनमोहन की वाटर प्लांट पर नौकरी लगवाई थी। उसे पता नहीं था, मनमोहन व उसका पिता नत्थू उसकी दुनिया लूटने का षडयंत्र रच डालेंगे। प्रिंस ने पुलिस को बताया है कि मनमोहन ने पूरा काम होने के बाद पैसे देने को कहा था। उसे 20 हजार रुपये दे भी दिए गए थे।

### मनमोहन ने ऑटो चालक मनोज के साथ दोस्ती में किया विश्वासघात

**बरेली।** मनोज की पत्नी पूजा ने गुरुग्राम के डीएलएफ फेस-1 थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया था कि वह नाथूपुर गांव के पास एस 51 में परिवार के साथ रहती है। पति कई दिन से एक सवारी को हनुमान मंदिर सिकंदरपुर पहाड़ी के पास रोजाना दर्शन के लिए ले जा रहे थे। 4 अप्रैल की शाम को भी पति ऑटो से सवारी को मंदिर ले गए लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। ऑटो वहीं खड़ा था लेकिन मनोज व बच्चे गायब थे। पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी उसका अपहरण करने के लिए कई दिन से रेकी कर रहे थे। अपहरण के बाद आरोपी हादसे वाली कार से ही पिता और पुत्रों को बरेली ला गया था। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मनोज की छोटी बहन का पति शराब पीकर मारपीट करता था। मनोज ने इसी वजह से भांजी को अपने पास बुला लिया था। मनमोहन का मनोज से पुराना मिलना था। वह जेल से छूटने के बाद नौकरी की तलाश में उसके पास गया था। दोस्ती में घात करते हुए उसने मनोज की भांजी को अपने जाल में फंसा लिया। मनोज ने विरोध शुरू किया तो मनमोहन उसके खून का प्यासा हो गया। हालांकि, हादसे ने 'कुदरत का न्याय' और बुरे का बुरा अंजाम 'वाली कहानी पर फिर अपनी मुहर लगा दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोचिंग से लौट रहे छात्र पर हमला

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के संजय नगर निवासी रेनू जोशी ने पुलिस को बताया कि बेटा कोचिंग से लौट रहा था। रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की गई। वह घायल हो गया। आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी आयुष शर्मा उर्फ जूली, दिनेश शर्मा, जतिन शर्मा, प्रदीप, विमल, संजीव, कमल और हनी जोशी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरु कर दी है।

### प्लॉट के नाम पर ठगे 13.50 लाख रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** प्लाट बेचने के नाम पर युवक से 13.50 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। सुभाषनगर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंट थाना के चौबारी गांव निवासी संजीव सिंह ने बताया कि उसने विपिन प्रताप सिंह निवासी रामचन्द्रपुरम थाना सुभाषनगर से बदायूं रोड पर 100 गज का प्लॉट खरीदने की बात कही थी। पहली बार दो लाख और दूसरी बार में डेढ़ लाख रुपये दिए। उसके बाद 25 नवंबर 2024 को 10 लाख रुपये विपिन के खाते में आरटीजीएस कराए। बाद में जांच की तो पता लगा कि उसे जो प्लाट दिखाया गया है वह उसका नहीं है।

### यक्ष एप पर अपराधियों का डाटा किया फीड

**बरेली, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर जिले में पिछले सालों में घटित डकैती, लूट, नकबजनी, वाहन चोरी, गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, मादक पदार्थ की तस्करी, शराब और गौ तस्करी समेत हत्या के अपराध में सामने आए आए कुल 32 हजार 779 अपराधियों का अभियान चलाकर डिजिटल सत्यापन उनके निवास पर जाकर किया गया। जीओ टैगिंग कराते हुए उनका पूर्ण विवरण जैसे फोटो वॉयस रिकार्ड, हुलिया, वर्तमान स्थिति और मोबाइल नंबर दर्ज किया गया। 290 गैंगों के कुल 1396 सदस्यों को यक्ष एप में फीड कराया गया।

### शिक्षा के प्रयास की सराहना की

**भदपुरा, अमृत विचार :** आरएसएस के बरेली विभाग प्रचारक श्री कृष्ण ने भदपुरा में संघटक राजकीय महाविद्यालय पहुंच कर प्राचार्य डॉ रुद्रमन सिंह से मुलाक़ात की और गरीब स्टूडेंट की शिक्षा के लिए प्रयासों की सराहना की। नगर कार्यवाह नरेंद्र कुमार ने समाज व देश के लिए योगदान की जानकारी दी। विभाग प्रचारक को स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित पुस्तक देकर सम्मान किया। डॉ प्रीती गुप्ता, डॉ रितिका, डॉ बबिता, डॉ संतोष, डॉ बृजेश, डॉ अरविन्द, डॉ राजेंद्र मौजूद रहे।

### दहेज की मांग पर विवाहिता को पीटा

**मानपुर, अमृत विचार :** ग्राम ईश्वरपुर निवासी मीना ने पति व अन्य ससुरालियों पर दहेज व घरेलू हिंसा का मुकद्दमा दर्ज कराया है। उसका विवाह कांधरपुर में मंजीत से हुआ था। उसे प्रताड़ित किया जा रहा था।

## चौकी के पास तड़प कर मर गया फैक्ट्री कर्मी, देर से पहुंची पुलिस

संवाददाता, सीबीगंज/ बरेली

- परसाखेड़ा चौकी के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मार दी थी टक्कर
- अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने कर दिया मृत घोषित, परिवार में मचा कोहराम

**अमृत विचार :** दिल्ली रामपुर हाइवे पर वाहन की चपेट में आकर एक बाइक सवार फैक्ट्री कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सड़क पर तड़पता रहा। हैरानी की बात यह है कि घटनास्थल से चंद कदम दूर परसाखेड़ा चौकी है लेकिन कोई पुलिसकर्मी नहीं पहुंचा। आधा घंटा बाद घायल को अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी 25 साल का शनि कश्यप परसाखेड़ा की एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार दोपहर में करीब एक बजे लंच टाइम में होटल पर खाना खाने जा रहा था। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र के रोड नंबर तीन के पास किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना परसाखेड़ा पुलिस चौकी से कुछ ही दूर हुई इसके बाद भी पुलिस को मौके पर पहुंचने में आधा घंटा लग गया । तब तक वह तड़पता रहा। वीडियो वायरल हो रहा है। बाद में उसे जिला अस्पताल भिजवाया मगर उसकी सांसें पहले ही थम चुकी थीं। शनि कश्यप की दो वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी। पत्नी पिंकी व एक डेढ़ साल का पुत्र कृष्णा है वह तीन बहिनों कमलेश,दीपा व काजल में दूसरे नंबर का है। शनि की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।


मृतक शनि कश्यप।

### झोलाछाप के गलत इलाज से युवक की मौत का आरोप

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** झोलाछाप के गलत इलाज से युवक की मौत हो गई। विरोध पर आरोपी गायब हो गया।

मोहल्ला सराय नई बस्ती निवासी 45 वर्षीय यासीन शनिवार को रिश्तेदारी से घर लौटे थे। अचानक बुखार और खांसी की शिकायत होने पर उन्होंने मोहल्ले के ही एक झोलाछाप डॉक्टर से दवा ली। झोलाछाप ने बिना बीपी आदि जांच किए ही यासीन को ग्लूकोज की बोतल चढ़ा दी। हालत बिगड़ने पर बरेली के एक अस्पताल ले गए, जहां मृत घोषित कर दिया। भतीजे अजीम ने बताया कि सीटी स्कैन में सिर में ग्लूकोज के धब्बे बताए गए। बीपी बढ़ने के कारण मौत होने की आशंका जताई गई है।

## कलेक्ट्रेट में खनन बाबू महमूद रजा 10 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़ित को लगवा रहा था दफ्तर के चक्कर
- गिरफ्तार महमूद रजा के खिलाफ केस दर्ज
- ट्रैक्टर ट्राली छुड़ाने को पैसा लिया कसा शिकंजा

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने कलेक्ट्रेट में रिश्वत लेते हुए खनन विभाग के एक कर्मचारी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। खनन में सीज ट्रैक्टर ट्राली को छोड़ने के बदले आरोपी महमूद रजा खां ने मालिक से पैसे लिए थे। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है।

थाना किला क्षेत्र में गांव रोठा के रहने वाले वेद प्रकाश ने एंटी करप्शन यूनिट से मामले की शिकायत की थी। उसने बताया था कि सीज ट्रैक्टर ट्राली को छुड़ाने और जुर्माना संबंधी पत्रावली को जिलाधिकारी कार्यालय में दी थी। आरोप था कि खनन विभाग में तैनात चतुर्थ श्रेणी लिपिक महमूद रजा खां काम कराने के नाम पर 10 हजार रुपये मांग रहा था। शिकायत पर एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने जाल जाल बिछा दिया। सोमवार दोपहर जैसे ही शिकायतकर्ता ने से बाबू ने 10 हजार रुपये लिए, टीम ने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। कार्रवाई से खनन कार्यालय में अफरातफरी मच गई। बताया गया है कि परसाखेड़ा निवासी महमूद खां है तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मगर काम बाबू का करता था। टहीम उसे गिरफ्तार करके कोतवाली ले गई, जहां लंबी पूछताछ हुई। इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।


गिरफ्तार बाबू।


पीड़ित वेदप्रकाश।

## उपद्रवियों को हथियार भेजने वाले गैंगस्टर समी की जमानत खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 26 सितंबर 2025 को जुमे के दिन शहर में हुए बवाल में हथियार सप्लाई से जुड़े उत्तराखंड के गैंगस्टर समी की अग्रिम जमानत अर्जी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित न्यायालय प्रथम राघवेन्द्र मणि ने खारिज कर दी।

शासकीय अधिवक्ता संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि 19 फरवरी को उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने थाना बहेड़ी में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि मुखबिर से सूचना के बाद दो लोग पकड़े गए थे। एक ने अपना नाम जोखनपुर बहेड़ी निवासी तसलीम बताया। तलाशी में एक पिस्टल मैगजीन बरामद हुई। दूसरे व्यक्ति ने नाम सोमू खान बताया, उसके पास एक पिस्टल बरामद हुई। गैंग का मुखिया इशरत अली है । तीन पिस्टल व कारतूस और गाड़ी से बरामद हुए। बताया कि जिस फरहत अली के घर से मौलाना तौकीर रजा खां को पुलिस ने पकड़ा था, इशरत उसका सगा भाई है। बरेली में हुए दंगे में भीड़ में घुसकर पुलिस पर फायरिंग करायी थी। ऊधमसिंह नगर के प्रधान गफ्फार व समी को अपने सरगना इशरत अली के कहने पर यह माल सप्लाई करने जा रहे थे।


शहर में 26 सितंबर 2025 को हुए बवाल के बाद धरपकड़ का फोटो ● अमृत विचार

### पुलिस पर हमला करने के चार आरोपी बरी

**बरेली, अमृत विचार :** पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने के मामले में विवेचना में खामियों के आधार पर संदेह का लाभ प्रदान करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश उमा शंकर कहार ने थाना शेरगढ़ सिमरावा निवासी निवासी वली खां, कौशर खां, जाहिद खां व अकबर खां को दोषमुक्त कर दिया। एसआई हरपत सिंह ने थाना भोजीपुरा में रिपोर्ट लिखाई थी कि 18 दिसम्बर 2018 को रिठौरा रोड नहर के पास पहुंचे तो दो बाइक दिखाई दीं, चार व्यक्ति खड़े थे। टोका तो चिल्ला पड़े, पुलिस है, मार दो। तभी बदमाशों ने गोली चला दी। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ लिया। बताया कि वे लोग चोरी करते हैं। पचदौरा के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी कर नौ हजार रुपये में बेच दिया। रेलवे समेत कई जगहों पर वारदात की हैं।

**कोर्ट ने निर्णय में खोली पुलिस विवेचना में लापरवाही की पोल :** अदालत ने एडवर्सरियल प्रणाली का उल्लेख करते हुए कहा कि फौजदारी परीक्षण में किसी तथ्य को साबित करना उपधारणा एवं परिकल्पनाओं के दायरे में नहीं आता है। संदेह वास्तविक, ठोस तथा साक्ष्य की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति के आधार पर होना चाहिए न कि संभावनाओं के आधार पर। हत्या के प्रयास का मुख्य आधार यह है कि पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जबकि किसी को चोट नहीं आयी थी। पुलिसकर्मी किस प्रकार फायर से बचे। केवल एफआईआर में उल्लेख है कि बाल-बाल बच गये। यह तथ्य संदेह पैदा करता है। तमंचे को फॉरेंसिक टेस्ट के लिए नहीं भेजा गया। केवल पुलिस के यह कह देने से कि मुल्जिमों ने पुलिस पार्टी पर फायर किया, तथ्य को प्रमाणित नहीं माना जा सकता।

## कुंवरपुर में कुत्ते ने कई को शिकार बनाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आवारा कुत्ते का आतंक, लोगों का निकलना हुआ मुश्किल

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र के कुंवरपुर स्थित लक्ष्मीनारायण मार्ग में एक आवारा कुत्ते का आतंक लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गया है। कुत्ता एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित एक दर्जन से अधिक लोगों को घायल कर चुका है।

अभिमन्यु चंद्रवंशी ने बताया कि कुत्ते ने पहले उनकी मां सुनीता देवी पर हमला किया, इसके बाद उनके पिता अनिल कुमार और बहन ऐश्वर्या को काट लिया। इससे पहले भी वह कई राहगीरों को घायल कर चुका है। कुत्ते के डर से लोग घर से निकलने में भी घबराने लगे हैं। लोगों ने इस मार्ग से आना-जाना तक बंद कर दिया है। बच्चों को बाहर निकलने से रोक दिया गया है। लोगों का कहना है कि इस मामले में नगर निगम से कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### निगम ने एक दिन में पकड़वाये 25 स्ट्रीट डॉग

**बरेली, अमृत विचार :** एजाज नगर में बच्ची पर कुत्तों के हमले के बाद सोमवार को नगर निगम प्रशासन हरकत में आया। पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने कालीबाड़ी, सिकलापुर, गंगापुर और इज्जतनगर जैसे इलाकों में सघन अभियान चलाकर 25 से अधिक आवारा कुत्तों को पकड़ा। सीबीगंज-नदौसी स्थित नए एनिमल बर्थ केयर सेंटर के संचालन में लापरवाही बरतने पर निगम ने कड़ा रुख अपनाया है। वर्क ऑर्डर जारी होने के एक महीने बाद भी काम शुरू न करने पर 'संतुलन जैव कल्याण संस्था' को ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि इसी सप्ताह काम शुरू नहीं हुआ, तो संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

### 15 लाख रुपये लेकर भी नहीं कराया बैनामा, एफआईआर

**बरेली, अमृत विचार :** 15 लाख रुपये लेकर भी पिता-पुत्र ने जमीन का बैनामा नहीं कराया। पीड़ित की तहरीर पर बिथरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

पदारथपुर निवासी इलियास खां ने बताया कि 12 बीघा जमीन का एग्रीमेंट शाहदत हुसैन निवासी भोजपुर रामनाथ थाना बिथरी चैनपुर से किया था। एग्रीमेंट पर उसने 15 लाख रुपये दिए थे। एग्रीमेंट कराने के 11 माह बाद उसे बैनामा कराना था। बैनामे का समय आया तो आरोपी टालमटोल करने लगा। आरोप है कि शाहदत हुसैन और उसका लड़का आरिफ हुसैन कह रहा है कि जमीन का बैनामा नहीं करेंगे जो करना हो कर लो। विरोध करने पर आरोपी पिता पुत्र ने उसके साथ मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी।

**आरोप-प्रत्यारोप** | 36 प्रधानों के खिलाफ विभाग को शिकायतें मिलीं, 27 निराधार पाई गईं

## चुनावी पेशबंदी में गांव-गांव फूट रहे 'शिकायत बम'

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जांच में 27 प्रधानों पर लगे आरोप पाए गए गलत

**अमृत विचार :** पंचायत की कब होंगे, किसी को नहीं मालूम मगर गांव-गांव दावेदारों के बीच चल रही रस्साकशी शिकायतों के पिटारे के रूप में खूब सामने आ रही है। ग्राम प्रधानों पर गड़बड़ी के आरोप लगाकर सरकारी दफ्तरों में चिट्ठियां दौड़ाई जा रही हैं। जिले में 35 मौजूदा और एक पूर्व प्रधान पर लगे आरोप निराधार पाए गए हैं। आठ मौजूदा और एक पूर्व प्रधान अभी जांच के दायरे में हैं।

अफसरों के मुताबिक, चुनावी चर्चाओं के बीच तीन दर्जन के करीब प्रधान और पूर्व प्रधान के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें मिली थी। जिसके बाद जांच अधिकारी नियुक्त शिकायतों की तह में जाया गया। आरोपों को लेकर जरूरी दस्तावेज, वित्तीय रिकार्ड खंगाले गए। जांच के बाद पता चला कि 35 प्रधान और एक पूर्व प्रधान पर लगे आरोप पूरी तरह से निराधार थे। जिसके बाद इन सभी क्लीन चिट दे दी गई। बाकी 8 मामलों की जांच जारी हैं।

### पंचायत राज विभाग की जांच के बाद इनको मिली क्लीन चीट

पिंदारी अभयचन्द के ग्राम प्रधान रमेश सिंह, उगनपुर की अनीता देवी, जाम अन्तरामपुर की सोनी गंगवार, जसाई नागर के आदित्य प्रताप सिंह, पंडरी के अय्यूब शाह, केसरपुर की कामना देवी, सुल्तानपुर की मुन्नी देवी, हल्दी कलां (द्वितीय) के विजय पाल, मोहम्मदपुर के राहुल गंगवार, हल्दी कलां के श्यामलाल मौर्य (पूर्व प्रधान), लभेड़ा के अनबर अली, चमन नगरिया के अब्दुल कयूम खां, रुपपुर के नाजिम अली, रिछौला की इसरत जहां, नवदिया वमनपुरी के चरण सिंह, बरखना के चंद्र पाल, बड़ा गांव के सतेंद्र मोहन, अल्हैया के प्रधान, परसरामपुर मोहम्मद शफीक को क्लीट चीट दिया गया है। इसी क्रम में लौंगपुर के सुदामा तोमर, चम्तपुर के जयवीर, गहरां के रामऔतार, शेखापुर के अनिल कुमार सिंह, गत्थुआ की गिरजा देवी, मण्डोरा के राम निवास, चठिया के अरविंद सिंह समेत 36 को क्लीन चीट दिया गया है। जबकि, इन प्रधानों के खिलाफ जांच जारी है। इसमें सुकटिया ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान ओम प्रकाश, भौआ बाजार के जुल्फिकार खां, मधुनगला के अनमोल, सुंदरी की सुनीता देवी, मटकापुर के राजकुमार, स्वाले मुजाहिदपुर की फराबी, डंडिया नवाजिस अली के कालीचरन, हरेली अलीपुर के जोगिंदर, मस्तीपुर के जयदेव कुमार।

> ग्राम पंचायतों से जुड़े मामलों में प्राप्त शिकायतों की जांच कराई गई। जिन प्रधानों पर लगे आरोप गलत निकले, उनको क्लीन चीट दे दी गई है। जबकि, एक पूर्व और आठ मौजूदा प्रधान के खिलाफ विभागीय जांच जारी है। **-कमल किशोर**, जिला पंचायत राज अधिकारी

अमृत विचार



## सिटी ब्रीफ

### बीएससी आनर्स परीक्षा की स्कीम जारी

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी ऑनर्स प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की परीक्षा का शेड्यूल जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि सुबह सात से 10 बजे की प्रथम पाली में परीक्षा होगी। प्रथम वर्ष 2025-26 की परीक्षा 22 अप्रैल से शुरू होकर पांच मई को प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन की परीक्षा के साथ समाप्त होगी। इसी तरह द्वितीय वर्ष की 22 अप्रैल से शुरू होकर सात मई को कम्प्यूटर फंडामेंटल की परीक्षा के साथ समाप्त होगी। तृतीय वर्ष की 22 अप्रैल से दो मई तक परीक्षा होगी।

### दिव्यांग बंदियों को मिलेंगी व्हील चेयर

बरेली, अमृत विचार : जिला जेल में सोमवार को जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और जिला अस्पताल के चिकत्सकों की टीम ने कैंप लगाकर आठ दिव्यांग बंदियों को चिन्हित किया गया। इन्हें मंगलवार को व्हील चेयर प्रदान की जाएगी।

# आंधी-बारिश ने तबाह किया 20 प्रतिशत गेहूं

## बहेड़ी, फरीदपुर और आंवला तहसील में कुदरत ने बरपाया सबसे ज्यादा कहर, किसानों की मेहनत बर्बाद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बीमा कंपनी ने 400 किसानों के खेतों का किया सर्वे, गेहूं खरीद पर मंडराए बादल
- बिना बीमा वाले किसानों ने जिला प्रशासन से लगाई सर्वे और आर्थिक मदद की गुहार


आंधी-बारिश से खेत में बिछी गेहूं की फसल। • अमृत विचार

अमृत विचार: जिले में कुदरत के कहर ने अन्नदाता की कमर तोड़ दी है। मार्च के अंतिम सप्ताह और हाल ही के दिनों में आई भीषण आंधी और बेमौसम बारिश ने जिले के सैकड़ों किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। फसल बीमा कंपनी की शुरुआती जांच और सर्वे के मुताबिक, बहेड़ी, फरीदपुर और आंवला तहसीलों में कुदरत का सबसे ज्यादा प्रकोप देखा गया है।

जिले में लगभग पौने दो लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की खेती होती है, जिसमें से प्राथमिक अनुमानों के अनुसार करीब 20 फीसदी फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका है। कहा जा रहा है कि यह तबाही न केवल किसानों के लिए व्यक्तिगत क्षति है, बल्कि इससे गेहूं खरीद प्रक्रिया और सरकारी लक्ष्यों पर भी गहरा असर पड़ना तय है। बारिश और आंधी का सबसे ज्यादा असर उन किसानों पर पड़ा है, जिनकी गेहूं की फसल कटकर खेतों में ही गट्ठरों के रूप में रखी थी। खेतों में पानी भरने के कारण फसल सड़ने की कगार पर है, जिससे दाना काला पड़ने और चमक खोने का डर है। इसके अलावा, तेज हवा ने खेतों में खड़ी पकी फसल को भी बिछा दिया है। आंकड़ों के अनुसार, अब तक 400 से अधिक किसानों ने बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। इनमें सर्वाधिक नुकसान बहेड़ी के 75 नवाबगंज के 52 और फरीदपुर के 29 किसानों को हुआ है। बीमा कंपनी ने इन प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान के आकलन के साथ मुआवजे की रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है।

बहरहाल बड़ी संख्या में ऐसे किसान भी हैं जिन्होंने फसल बीमा नहीं कराया था। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय का कहना है कि यदि 20 प्रतिशत फसल नुकसान का अनुमान सही साबित होता है, तो मंडियों में गेहूं की आवक कम होगी, जिससे बाजार भाव और सरकारी खरीद केंद्रों की व्यवस्था प्रभावित होना निश्चित है।

### सरकारी केंद्रों पर पसरा है सन्नाटा, भुता में हुई गेहूं की पहली खरीद

बरेली, अमृत विचार : जनपद में एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद का आगाज हो गया है, लेकिन शुरुआती चरण में ही किसानों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। गेहूं की फसल में नमी अधिक होने के कारण किसान अपनी उपज लेकर केंद्रों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिसके चलते अधिकांश खरीद केंद्रों पर फिलहाल सन्नाटा पसरा हुआ है। हालांकि, राहत की खबर अफसरों के पास सोमवार को भुता क्षेत्र से आई है। डिप्टी आरएमओ कमलेश पांडेय ने बताया कि भुता स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के केंद्र पर क्षेत्र के किसान करनपाल सिंह ने अपनी उपज बेचकर जिले में बोहनी कर दी है। किसान ने केंद्र पर 200 क्विंटल गेहूं की बिक्री की है। विभाग को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में धूप तेज होने और फसल सूखने के साथ ही केंद्रों पर किसानों की चहल-पहल बढ़ेगी।

# प्रार्थनापत्र के साथ लगाएं शादी का कार्ड, मिलेंगे कमर्शियल सिलेंडर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम ने परेशानी दूर करने को नोडल अधिकारी नामित किए

अमृत विचार: जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने फिर कहा कि जनपद में गैस की किल्लत नहीं है। शादी व धार्मिक आयोजन के लिए जरूरतमंद को कमर्शियल सिलेंडर मिल सकेंगे। इसके लिए नोडल अधिकारी नामित किए हैं।

कहा कि एडीएम एफआर संतोष कुमार सिंह और डीएसओ मनीष कुमार के कार्यालय में जरूरतमंद लोग शादी या धार्मिक आयोजन संबंधी कार्ड प्रार्थना पत्र के साथ लगाकर दें। जांच के बाद सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। डीएम ने बताया कि जनता दर्शन में भी प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। सभी अधिकारियों को सक्रिय किया है, ताकि कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हो सके। कालाबाजारी करने वालों पर चार एफआईआर दर्ज करायी गई हैं। कुछ लोगों ने आर्टिफिशियल क्राइसिस पैदा किया।

### प्रति सिलेंडर जमा होंगे 25 सौ रुपये

बरेली, अमृत विचार : डीएसओ कार्यालय में तमाम लोग बेटे- बेटियों की शादी के कार्ड लेकर पहुंच रहे हैं। इन परिवारों को तीन से पांच कमर्शियल सिलेंडर दिए जा रहे हैं। प्रति सिलेंडर 25 सौ रुपये सिक्योरिटी जमा कराई जा रही है। सिलेंडर जमा करने पर उसे लौटा दिया जाएगा। बाहर से आकर काम करने वाले और छात्रों के लिए विभाग ने पांच किलो का सिलेंडर देने की बात कही थी। इसके बाद एजेंसियों को 700 सिलेंडर दिए गए। कुछ एजेंसिंयों पर यह मिलने भी लगे हैं। हालांकि जानकरी न होने के कारण कम लोग पहुंच रहे हैं। डीएसओ मनीष कुमार ने बताया कि शादी वाले परिवारों की मदद की जा रही है। साथ ही छोटे सिलेंडरों से छात्रों को फायदा मिल रहा है।

# भाजपा संगठन की मजबूती पर जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली


स्थापना दिवस कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता। • अमृत विचार

- स्थापना दिवस मनाया, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

अमृत विचार: सिविल लाइंस स्थित भाजपा कार्यालय पर सोमवार को पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्टी कार्यालय को फूल मालाओं से सजाया गया। सुंदर रंगोली बनाई और ध्वजारोहण किया।

सांसद छत्रपाल गंगवार व वन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सभी मिलकर भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। महापौर डॉ. उमेश गौतम ने कहा कि हम सभी को भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और मजबूत करना है। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने की। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह और बहोरन लाल मौर्य, विधायक डॉ. डीसी वर्मा, विधायक डॉ एमपी आर्य, विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह, महिला आयोग सदस्य पुष्पा पांडे, गुलशन आनंद, अनिल कुमार एडवोकेट, पूरन लाल लोधी, डॉ. विमल भारद्वाज, पंडित रामगोपाल मिश्रा, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर, अंकित महेश्वरी आदि मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैठक में पांच शिक्षकों के ग्रेड परिवर्तन की संस्तुति

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई।

संयोजक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक प्रदर्शन और सेवा अभिलेखों की समीक्षा के बाद पांच शिक्षकों वाणिज्य विभाग के आलोक कुनाल, समाजशास्त्र के आनंद प्रकाश, शिक्षाशास्त्र के देवराज गुप्ता, उर्दू के सूर्य प्रकाश और अंग्रेजी विभाग के डा. विशुन कुमार के ग्रेड परिवर्तन पर विचार किया गया, जिसे समिति ने अनुमोदित करते हुए आगे की प्रक्रिया के लिए संस्तुति प्रदान की। बैठक में प्रो. मनमीत कौर, प्रो. भूपेंद्र सिंह, प्रो. दयाराम और प्रो. रविंद्र बंसल समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षिकाओं-कर्मचारियों ने लगाई दौड़, खेले बैडमिंटन

कार्यालय संवाददाता, बरेली


प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागी। • अमृत विचार

- साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

अमृत विचार : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में कीड़ा परिषद की ओर से आयोजित साप्ताहिक खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं, कर्मचारी और शिक्षिकाओं की दौड़, रस्सा कस्सी और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्राचार्य प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा प्रथम, डॉ. रुचि अग्रवाल द्वितीय, अर्चना शर्मा तृतीय स्थान पर रही। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में निष्ठा सिंह प्रथम, शिवानी पाल द्वितीय, शक्ति तृतीय रही। पुरुष शिक्षणेत्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता में अतुल सक्सेना प्रथम, आशीष सक्सेना द्वितीय, अनुशील तृतीय स्थान पर रहे। सहायक कर्मचारियों में पारस प्रथम, महान द्वितीय, विष्णु तृतीय स्थान पर रहे। छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में उजेला ने प्रथम ,पलक ने द्वितीय, गुड़िया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिकाओं की 100 मीटर दौड़ में डॉ. प्रियंका सिंह प्रथम ,डॉ. अनन्या मेहरोत्रा द्वितीय, शिल्पी तृतीय स्थान पर रही। शिक्षिकाओं की वॉक फॉर रन 45 वर्ष से कम वर्ग में महिमा यादव प्रथम, डॉ. अनीता द्वितीय, डॉ. बीना यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 वर्ष से अधिक आयु के ग्रुप में डॉ. अंजू मिश्रा प्रथम, डॉ. प्रतिभा पांडे द्वितीय, तृतीय स्थान डॉ. ज्योति गुप्ता ने प्राप्त किया गया। शिक्षणेत्तर कर्मचारी महिला वर्ग की दौड़ में नीलम ने प्रथम, किरण ने द्वितीय, पूनम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की दौड़ में कृष्ण ने प्रथम, पारस ने द्वितीय, विष्णु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ. अनन्या मेहरोत्रा, असिस्टेंट प्रो. एवं कीड़ा परिषद की प्रभारी डॉ. प्रीति वर्मा, प्रो. सीमा गौतम, डॉ. आकांक्षा रस्तोगी, डॉ. ज्योति गुप्ता, डॉ. रुचि अग्रवाल, टेबल टेनिस कोच शिखा, जिम इंस्ट्रक्टर मनीष आदि मौजूद रहे।




# ऑरा: ई स्पोर्ट्स में रुविवि विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली


प्रतियोगिताओं में शामिल होने वाले विद्यार्थी। • अमृत विचार

- ऑरा का समापन, तकनीक और रचनात्मकता का दिखा शानदार संगम

अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एफईटी) में तीन दिवसीय तकनीकी उत्सव ऑरा का समापन सोमवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम कुलपति प्रो. केपी सिंह के मार्गदर्शन और डीन एफईटी प्रो. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ई-स्पोर्ट्स में एमजेपीआरयू की टीम ने बाजी मारी।

समापन दिवस पर तकनीकी, रचनात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच दिया। फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता में इशिता चंद्रा-मानवी शर्मा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सूडोकू प्रतियोगिता में शक्ति देव गुप्ता ने पहला स्थान हासिल किया। एस्ट्रोक्वेस्ट: रूफटॉप सोलर कार्यशाला में विशेषज्ञ अभय कुमार गंगवार ने सोलर पावर सिस्टम की तकनीकी जानकारी साझा की। टेक पिक्शनरी में अर्पिता कश्यप की टीम विजेता रही। रील इन 60 सेकेंड़ और सिक्स वर्ड स्टोरी जैसी प्रतियोगिताओं में भी विद्यार्थियों ने रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से आईआईटी मद्रास के हमजा कुरैशी ने सिक्स वर्ड स्टोरी में पहला स्थान प्राप्त कर ध्यान आकर्षित किया। समापन अवसर पर डीन अकादमिक प्रो. एसके पांडेय, चीफ प्रॉक्टर प्रो. रविन्द्र सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहे। सभी का आभार व्यक्त किया। ऑरा 2026 ने तकनीकी ज्ञान, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए विद्यार्थियों को सीखने और प्रतिस्पर्धा का सशक्त मंच प्रदान किया।

# दूध के दांतों में सड़न का पड़ता है स्थायी प्रभाव

बरेली, अमृत विचार: दूध के दांत बच्चों के मुंह में केवल अस्थायी नहीं होते, बल्कि वे स्थायी दांतों के सही विकास और स्थान निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि इन दांतों में सड़न हो जाती है तो इसका असर आगे आने वाले स्थायी दांतों पर भी पड़ता है।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों का कहना है कि दूध के दांतों में गहरी सड़न होने पर संक्रमण नीचे मौजूद स्थायी दांतों के जर्म तक पहुंच सकता है। इससे स्थायी दांत कमजोर, दागदार या असामान्य बन सकते हैं। यदि सड़े हुए दूध के दांत समय से पहले निकल जाते हैं तो आसपास के दांत खाली जगह में खिसक जाते हैं। इससे स्थायी दांतों के आने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती और वे टेढ़े-मेढ़े आ सकते हैं।

# सार्वजनिक मार्ग बंद करने का प्रयास, एसडीएम से मिले लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली


यही मार्ग है जिसे बंद करने को लेकर विवाद हो रहा है।

अमृत विचार: सार्वजनिक मार्ग पर अवैध रूप से दीवार निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोगों को भारी परेशानी उठानी होगी।

श्रीनगर कॉलोनी,स्टेट बैंक कॉलोनी, सम्राट अशोक नगर के लोग सोमवार को एसडीएम सदर से मिले । शिकायती पत्र देकर कहा कि इस सार्वजनिक मार्ग का उपयोग क्षेत्रवासी 1988 से निरंतर कर रहे हैं। इसी मार्ग से प्राचीन बनखंडी नाथ मंदिर भी जाते हैं। कुछ लोग इस मार्ग पर दीवार उठाकर बंद करने का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने राजस्व अधिकारियों से जांच कराने, रास्ते पर दीवार उठाने से रोकने की मांग की। मांग करने वालों में अभय गर्ग, चंदन लाल, पीतम सिंह, कमल, राजकुमार, पूनम, विनोद कुमार, राहुल मिश्रा, वेद प्रकाश, देवेंद्र कुमार, अंगन लाल आदि शामिल हैं।

# शाहदाना वली के कुल में उमड़े अकीदतमंद


शहदाना वली के कुल की रस्म में मौजूद अकीकदमंद • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: दरगाह शाहदाना वली पर सोमवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।

शाहदाना वली के छोटे उर्स सतहरवीं शरीफ के तीसरे दिन की शुरुआत सोमवार को गुस्ल की रस्म से हुई। उसके बाद संदल पेश किया गया। शाहदाना वली वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से मुख्य संरक्षक डॉ अनीस बेग, वसी अहमद वारसी, मिर्जा शाहब बेग, मिर्जा मुकर्रम, बेग, गुल्लन खां, सलीम रजा ने दरगाह पर चादर पेश की। शाम को कुल शरीफ में सूफी रिजवान रजा खां कादरी और दरगाह शाहदाना के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खां नूरी बब्बू मियां ने अमन चैन और भाईचारे को दुआ की। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया 7 अप्रैल को शाम 5:30 बजे हजरत केले शाह बाबा के कुल शरीफ की फातिहा होंगी। रात 10 बजे से महफ़िल ए समा रोशन होगी।

# वंदे मातरम् स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा

- वंदे मातरम् के 150 वर्ष पर एबीवीपी का आयोजन


कार्यक्रम में शामिल अभाविप में पदाधिकारी। • अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरेली महानगर नेसे वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया ।

आरबीएमआई कॉलेज में कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री विकास गोला ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा और राष्ट्रभक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति है। इस गीत ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष में लाखों देशभक्तों को ऊर्जा प्रदान की। वर्तमान समय में भी इसकी प्रासंगिकता उतनी ही महत्वपूर्ण है। महानगर अध्यक्ष डॉ. विकास शर्मा ने युवाओं से राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. राजेश ने शिक्षा और देशभक्ति के समन्वय पर जोर दिया। कार्यक्रम में संगठन मंत्री अरुण सूर्यवंशी, सह मंत्री कुणाल मिश्र सहित कई पदाधिकारी और सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र व चुनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम

बरेली, अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय प्रशासन ने लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन से जुड़े शैक्षणिक कार्यक्रमों में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों को भेजे पत्र में इन कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार करने और छात्रों-शिक्षकों को भागीदारी के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिक्लमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट द्वारा तीन प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# चार हजार करोड़ निवेश से बदल रही तस्वीर

बरेली,अमृत विचार : जिले में औद्योगिक विकास को एक नई दिशा मिलने जा रही है। करीब चार हजार करोड़ रुपये के निवेश से यहां बड़े उद्योगों और प्रतिष्ठानों की स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। उद्योग विभाग की सक्रिय पहल और प्रशासन की तत्परता के चलते यह निवेश अब जमीन पर उतरने की ओर बढ़ चुका है। इससे न केवल जिले की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

इस निवेश के तहत डी-मार्ट, लीड्स और ओमेक्स समेत कई प्रमुख कंपनियां जिले में अपने प्रोजेक्ट स्थापित करने की तैयारी शुरू कर चुकी हैं। इन कंपनियों के आने से रिटेल, लॉजिस्टिक्स और सर्विस सेक्टर में नई गतिविधियां शुरू होंगी। यह निवेश ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के दौरान हुए एमओयू का प्रतिफल है। उद्योग विभाग के उपायुक्त विकास यादव ने बताया कि जीबीसी-5.0 के लिए अब तक चार हजार करोड़ रुपये का निवेश पोर्टल पर लाया जा चुका है।

### 15 हजार करोड़ का है लक्ष्य

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत जिले को मिले 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश वाले लक्ष्य में 4741 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट पूरा कर लिया गया है। जबकि, दो हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट पर लगभग काम पूरा होने वाला है। इसमें 180 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किए गए थे। जिनमें से 168 कंपनियों ने अपना काम शुरू कर दिया है।

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के पवित्र दर्शन पाकर नाथनगरी धन्य

## आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का कराया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री सत्संग भवन में सोमवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर शहरवासी आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। ऐतिहासिक पलों के बड़ी संख्या में लोग साक्षी बने। श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बरेली की ओर से त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष लेकर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, सोमनाथ महादेव की जय-जय कार से गुंजायमान हो उठा। नाथ नगरी जलाभिषेक समिति, बाबा महाकाल समिति और बाबा गिरीराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों से स्वामी भव्य तेज का स्वागत किया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, सौरभ मेहरोत्रा आदि स्वामी भव्य तेज को लेकर शिवालय पहुंचे और त्रिवटीनाथ मंदिर में दर्शन कराए।

रामालय में सीताराम, राधा कृष्ण के दर्शन करने के बाद स्वामी भव्य तेज कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को पूजा थाल में रखा। इसके बाद पूजा अर्चना संपन्न की। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन करने के यह ऐसे पल थे, जिसे देखने के लिए हर कोई लालायित नजर आया। श्रद्धालुओं ने ऐतिहासिक क्षणों को अपने मोबाइल में कैद किया। स्वामी भव्य तेज ने अलखनाथ मंदिर, मढ़ीनाथ मंदिर, धोपेश्वर नाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर, पशुपति नाथ मंदिर, बनखंडीनाथ मंदिर, तुलसी मठ के महंतों को शॉल और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। भव्य कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के गोपाल सरन , अशोक भसीन, रीना अग्रवाल, बुलबुल अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, सारुल श्री, शेफाली कौशिक, पूजा नारनोली, अंकित अग्रवाल, नेहा अग्रवाल और मीना सिंह आदि ने सहयोग किया। प्रसाद चंद सेठ, संदीप अग्रवाल, मनीष शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, संचित अग्रवाल, डॉ विनोद पागरानी, विकास मेहरोत्रा, बृजवासी लाल अग्रवाल, मनोज देवल, डॉ. प्रवीण, नवीन गोयल, व्यापारी नेता विशाल मेहरोत्रा, सुबोध अग्रवाल, रणधीर प्रसाद गौड़, गणेश शरण अग्रवाल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी दर्शन करने पहुंचीं।


श्री त्रिवटी नाथ मंदिर में श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन अवशेष सहस्त्रों का अभिषेक करते आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सदस्य।


अभिषेक करते स्वामी भव्य तेज। ● अमृत विचार

### त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति ने किया अभिनंदन

सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग अवशेष दर्शन यात्रा का बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर सेवा समिति के प्रताप चन्द्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा, हरि ओम अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, नवीन ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि सर्वप्रथम सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग को बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर शिवालय में बाबा त्रिवटीनाथ शिवलिंग से समन्वय कराया। इसके बाद पूजा अर्चना सम्पन्न हुई। यह बरेली के सनातनी भक्तों का परम सौभाग्य है कि सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर सके।


श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग के दर्शन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना। ● अमृत विचार


आध्यात्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटे। ● अमृत विचार

### कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को देशभर में दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है। ज्योतिर्लिंग के अवशेषों को लेकर यात्रा पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, केरल और तमिलनाडु से होते हुए प्रदेश में झांसी, कानपुर, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद होते हुए सोमवार को बरेली पहुंची।

### शिव-शिव का शंखनाद, भजनों पर झूमे भक्त

अशोक भसीन के नेतृत्व में भजन टीम के सदस्यों अनूप कौशल, अजय चौहान, मधु वर्मा, पारुल चंद्रा और सारुल श्री ने भजन गाकर समा बांध दिया। भजन टीम ने शिव भजन और मंत्र प्रस्तुत किए, जिसमें शिवोहम, ॐ नमः शिवाय, जय जय शिव शम्भू, हर हर भोले शंकरा, डम डम डमरू बाजे, शिव शम्भू शम्भू, शिव राजा महेश्वरा और शिवा ओम गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

## सिटी ब्रीफ

### राम बेली कॉलोनी में नहीं लगा ट्रांसफार्मर


**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत रोड स्थित राम बेली कॉलोनी व आसपास में विद्युत व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान हैं। गुरमीत सिंह ने बताया कि ट्रांसफार्मर न लगने से कनेक्शन नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने सांसद छत्रपाल गंगवार के आवास पर पहुंचकर अवगत कराया। बिजली विभाग के अधिकारियों ने जायजा लिया लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं लगा है।

### अधिवक्ता राजीव जयपति का निधन

**विधि संवाददाता, बरेली :** वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव जयपति (78) का हृदय गति रुक जाने के कारण सोमवार को निजी अस्पताल में निधन हो गया। बार एसोसिएशन सचिव दीपक पाण्डेय ने बताया कि वह 1976 से कचहरी में विधि व्यवसायरत । वह इंदिरा नगर में रहते थे। राजीव जयपति की रुहेलखंड विश्वविद्यालय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही, विश्वविद्यालय समिति के सदस्य थे। जैन मंदिर समिति में भी पदाधिकारी थे।

### शूटिंग प्रतियोगिता में पिता-पुत्री विजेता

**बरेली, अमृत विचार :** शहर की महाराणा प्रताप शूटिंग अकादमी में सोमवार को प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अकादमी के संस्थापक कृष्णा अंशूमाली ने बताया कि मास्टर क्लास में अमित कुमार, युवा क्लास में उनकी पुत्री सिद्धी सिंह और सीनियर क्लास में सीनियर कोच रायफल क्लब आदेश कुमार सिंह ने बाजी मारी। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि कैंट संजीव अग्रवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल कुमार सक्सेना एवं सभासद राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। शूटरों को डीएम अविनाश सिंह ने सम्मानित किया।



# विदेशी भाषाओं से वैश्विक पहचान गढ़ रहा रुविवि

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **छात्रों की बढ़ती रुचि, अंतरराष्ट्रीय करार से खुल रहे नए आयाम**

**अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मल्टीलिंगुअल स्टडीज के माध्यम से विश्वविद्यालय विदेशी भाषाओं के क्षेत्र में नए अवसर तैयार कर रहा है जिससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने का मौका मिल रहा है।

2020 में स्थापित इस केंद्र में मंदारिन, जर्मन, फ्रेंच, स्पेनिश भाषाओं की पढ़ाई कराई जा रही है। छात्रों की बढ़ती रुचि इस पहल की सफलता को दर्शाती है। वर्तमान सत्र में 40 सीटों के क्लास में फ्रेंच में 39, मंदारिन में 31, जर्मन में 20 और स्पेनिश में 6 छात्र अध्ययनरत हैं। वहीं, पिछले वर्ष इनमें विद्यार्थियों की संख्या फ्रेंच में 17, मंदारिन में 10, जर्मन में 13 और स्पेनिश में 5 विद्यार्थी हैं। मानविकी विभाग के अंतर्गत संचालित ये एक वर्षीय डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स छात्रों को भाषाई दक्षता प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, अनुवाद से जुड़े पाठ्यक्रम भी विद्यार्थियों के लिए नए करियर विकल्प खोल रहे हैं। विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देते हुए ताइवान सहित कई देशों के साथ शैक्षिक समझौते किए हैं। विश्वविद्यालय में मंदारिन की शिक्षिका चियाली चैन ऑफलाइन माध्यम से परिसर में ही शिक्षा प्रदान कर रही हैं। बाकी तीनों कोर्सों की ऑनलाइन माध्यम से शिक्षा दी जा रही हैं।

> विश्वविद्यालय में मंदारिन, जर्मन, फ्रेंच आदि भाषाएं सीखने के प्रति युवा आकर्षित हो रहे हैं। अभी एक विदेशी शिक्षिक पढ़ा रही हैं। बाकी तीनों भाषाओं की ऑनलाइन मोड पर शिक्षा दी जा रही है।
> –प्रो. अनीता त्यागी, विभागाध्यक्ष मानविकी विभाग

# सीनियर शिक्षकों को मिलेगा हेड का चार्ज

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में अब प्रभार सीनियर शिक्षकों को सौंपा जाएगा। नए शैक्षिक सत्र के साथ इस बदलाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने सोमवार को बताया कि सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। आदेश के तहत अब स्कूलों में वरिष्ठता के आधार पर सीनियर शिक्षक को ही प्रभार दिया जाएगा। इस निर्णय के बाद कई सीनियर शिक्षकों को फोन कर प्रभार संभालने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

# प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर सजा कीर्तन दरबार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **पटियाला से आए रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन से संगत को किया निहाल**

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब में गुरु तेग बहादुर साहिब के प्रकाश पर्व की पूर्व संध्या पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सोदर रहिरास के पाठ से हुई। हजूरी रागी भाई राजन सिंह ने आरती शबद चौकी और गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया।

पटियाला से आए रागी जत्थे भाई प्रिंसपाल सिंह और बीबी जसप्रीत कौर ने विशेष कीर्तन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। भाई प्रिंसपाल सिंह ने तिलक जंजू राखा प्रभु ताका शबद के माध्यम से गुरु इतिहास का स्मरण कराया। बीबी जसप्रीत कौर ने तेग बहादुर सिमरिये सहित अन्य शबदों से वातावरण भक्तिमय बना दिया। गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई विचित्र सिंह ने संगत को गुरु तेग बहादुर साहिब के बलिदान और जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक जानकारी दी। गुरु का लंगर अटूट बांटा गया। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के मालिक सिंह कालड़ा ने बताया कि मंगलवार को प्रकाश पर्व गुरुद्वारा दुख निवारण में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रभात फेरियों का स्वागत, गुरमत विचार और निरंतर कीर्तन होगा। प्रधान एमपी सिंह ने संगत से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।


कीर्तन करते भाई प्रिंसपाल सिंह पटियाला वाले। ● अमृत विचार

# अंतर विवि सेपक टाकरा में विश्वविद्यालय को कांस्य


सेपक टाकरा में कांस्य जीतने वाली टीम। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयी सेपकटाकरा (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है।

प्रतियोगिता 11 से 14 मार्च तक असम विश्वविद्यालय में आयोजित हुई। विश्वविद्यालय की टीम ने क्वाड्रेंट इवेंट में बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय देते हुए यह सफलता अर्जित की। टीम में योगेश पांडेय, जतिन सिंह, आर्यन यादव, अश्मित कुमार, सतीश कुमार मौर्य और उवेश खान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। क्रीड़ा सचिव प्रो. बेदी ने भी खिलाड़ियों की टीम भावना और समर्पण की सराहना की।

# चित्रों में रचनात्मकता ने किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **टैलेंट आर्ट अकादमी की 15वीं नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट प्रदर्शनी का समापन**

**अमृत विचार :** टैलेंट आर्ट अकादमी की ओर से आयोजित 15वीं नेशनल रेनबो ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन का समापन सोमवार को पुरस्कार वितरण के साथ हो गया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर युवा कलाकारों की रचनात्मकता की सराहना की।

मुख्य अतिथि एफडब्ल्यूओ जेएलए की चेयरपर्सन डॉ. आशिमा कपूर ने कहा कि अकादमी युवा चित्रकारों को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि डॉ. अनीस बेग ने कलाकारों की कल्पनाशीलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि चित्रकार समाज की भावनाओं को कैनवास पर जीवंत रूप देते हैं। चित्रों के माध्यम से हर्षद सिंह ने मेरा भारत महान का संदेश दिया। सिद्धि राय ने वन्यजीव संरक्षण को अपनी तूलिका का विषय बनाया। नाहिद बेगम ने अहमदाबाद प्लेन क्रैश को चित्रित किया। समारोह में सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो, कैटलॉग व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वरिष्ठ चित्रकार अजीम निदा मंसूरी को विशेष सम्मान से नवाजा गया। पायल दीक्षित, रुचि तिवारी, प्रियंका सोनकर समेत अनेक कलाकार उपस्थित रहे।


लोगों को चित्र के बारे में बताता कलाकार। ● अमृत विचार

# फार्मर रजिस्ट्री को चलाएं अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में फार्मर रजिस्ट्री प्रगति की समीक्षा की।

उपनिदेशक कृषि को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की फार्मर रजिस्ट्री बनवाएं। गांव-गांव में कैंप लगवाएं। डीएम ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए जो भी पेंडेंसी हैं, उसे 15 अप्रैल तक शत प्रतिशत पूरा कर लें। उप जिलाधिकारी से कहा, इसकी निरंतर समीक्षा करें, लेखपालों से इसकी रिपोर्ट भी लें। इसमें एडीओ पंचायत की भी सहायता लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार, उपनिदेशक कृषि हिमांशु पांडे आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## उर्वरक कन्ट्रोल रूम में करें फोन समस्याओं का होगा समाधान

**बरेली, अमृत विचार:** जिले में खरीफ अभियान-2026 के सफल संचालन और किसानों को खाद की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है।

विकास भवन स्थित जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में एक विशेष ''उर्वरक कन्ट्रोल रूम'' की स्थापना की गई है। यह सेल न केवल उर्वरकों की समय पर व्यवस्था कराएगा, बल्कि खाद के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग, ओवररेटिंग और कालाबाजारी जैसी शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई करेगा। किसान अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल नंबर 8126423416 पर सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि प्राप्त शिकायतों को तत्काल संबंधित उर्वरक निरीक्षकों को भेजकर निस्तारण कराया जाएगा। इस पहल से बिचौलियों की मनमानी पर लगाम लगेगी और अन्नदाता को उनकी जोत के आधार पर खाद मिल सकेगी।

# प्रो. वंदना शर्मा बनीं बरेली कॉलेज की उप प्राचार्य


प्रो. वंदना शर्मा को बधाई देते चीफ प्राक्टर डा. इंदीवर सिंह चौहान, डा. मनमीत कौर।

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राजनीति विभाग की प्रो. वंदना शर्मा को उप प्राचार्य नियुक्त किया गया है। लंबे प्रशासनिक अनुभव और सक्रिय शैक्षणिक योगदान के आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

राजनीति विभाग की प्रो. वंदना शर्मा चीफ प्रॉक्टर, प्रवेश नियंत्रक और परीक्षा नियंत्रक जैसे अहम पदों पर कार्य कर चुकी हैं। शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ प्रो वंदना शर्मा एनसीसी में लेफ्टिनेंट के पद पर भी कार्यरत हैं। बरेली कॉलेज में ये उप-प्राचार्य पद पर पहली आधिकारिक नियुक्ति हैं। उन्हें उप प्राचार्य के अलावा स्थापना प्रभारी और नैक प्रभारी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। उप-प्राचार्य बनने के बाद प्रो. वंदना शर्मा ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद कॉलेज की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए कार्य करना प्राथमिकता में रहेगे।

## सिटी डायरी

### सोबतीस पब्लिक स्कूल में दंत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** ओरल हेल्थ मंथ के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से सोबतीस पब्लिक स्कूल में एक विशेष दंत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बच्चों के लिए कई रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियों का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया कि दिन में दो बार सही तरीके से ब्रश करना क्यों जरूरी है और कैसे किया जाना चाहिए। साथ ही बच्चों को फ्लॉसिंग और मुंह की स्वच्छता बनाए रखने के आसान तरीके भी समझाए गए। बच्चों को यह बताया गया कि अधिक मीठा खाने से दांतों को कैसे नुकसान होता है और स्वस्थ आहार अपनाना क्यों आवश्यक है। इसके अलावा, बच्चों की रुचि बनाए रखने के लिए कई मजेदार खेल और क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं जिनके माध्यम से उन्होंने दांतों की देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें आसानी से सीखी।




### कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय काव्यधारा संस्था ने खुशहाली सभागार में कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया। शायर विनय सागर जायसवाल, गजलराज, निरुपमा अग्रवाल, सत्यवती सिंह सत्या, डॉ. मिथिलेश राकेश, दीपक मुखर्जी, रामकुमार कोली, निमिषा काव्यमाल, सांत्वना गौड़, राम रतन यादव, शालिनी शर्मा मुक्ता, रामधनी निर्मल, डॉ विनोद पागरानी को सम्मानित किया। जितेंद्र कमल आनंद के दो काव्य संकलनों का विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक कवि एसके कपूर श्रीहंस रहे। रणधीर प्रसाद गौड़ धीर, उमेश पाठक, रामप्रकाश सिंह ओज, सुरेंद्र बीनू सिन्हा, डॉ राजेश शर्मा, नीतू गोयल, प्रकाश निर्मल, हिमांशु गौड़, डीपी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से श्रीमदभागवत कथा का आयोजन



बरेली, अमृत विचार : वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीमदभागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य अतुलेश्वर सनाढ्य ने कपिल भगवान चरित्र, कपिल गीत, माता सती प्रसंग, पांडवों द्वारा परीक्षित को राजगद्दी पर बैठना, राजा परीक्षित द्वारा कलयुग को चार स्थान देना, परीक्षित द्वारा शमीक ऋषि के गले में सांप डालना, भगवान का वराह अवतार, हिरण्याक्ष का वध समेत कई प्रसंगों का वर्णन किया। भजन हरि की कथा सुनने वाले तुमको लाखों प्रणाम और जटा में तेरी गंगा बिराजे गले सर्प की माला ने भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा में मुख्य रूप से स्वाति अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, भारती मौर्य, विजय लक्ष्मी शर्मा, लेखा खंडेलवाल, रंजना अग्रवाल, सीमा गुप्ता, मंजू गुप्ता, गीता अग्रवाल, कुसुम सिंह, शोभा सक्सेना, शोभित अग्रवाल, पराग रस्तोगी आदि भक्तजन मौजूद रहे।

### विश्व शांति के लिए आर्य समाज मंदिरों में गूंजे वेद मंत्र

बरेली, अमृत विचार : विश्व शांति और मानव कल्याण के संकल्प के साथ जिले के विभिन्न आर्य समाज मंदिरों में वैदिक यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया। मॉडल टाउन स्थित आर्य समाज मंदिर में श्रद्धालुओं ने वेद मंत्रों के बीच आहुतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना की। लोकेश चंद्र आर्य ने यज्ञ को पर्यावरण शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का सशक्त माध्यम बताते हुए समाज में नैतिकता व सेवा भाव अपनाने पर जोर दिया। सुशीला गुप्ता, प्रभा और विजयपाल ने ब्रह्मा की भूमिका निभाई, जबकि कार्यक्रम का संचालन सुरेश चंद्र आर्य ने किया। प्रधान रमेश बग्गा, मंत्री जंग बहादुर सिंह आर्य, कृष्ण लाल बजाज, सरोज राठौर, महेश मल्होत्रा, सुनील कुमार, सुरेंद्र पाल सिंह राठौड़, विश्वजीत, पूरनलाल वर्मा, अर्पण आर्य, कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रभा भाटिया सहित बड़ी संख्या में आर्य बंधु और मातृशक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने निरंतर ऐसे आयोजनों का संकल्प लिया।